# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 06.11.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. भारतीय महिला टीम के सदस्यों ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेंट की।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले समारोह का उद्घाटन करेंगे।
3. पर्यटन विभाग माऊन्ट मणिपुर में द्वीप ट्रैकिंग महोत्सव का आयोजन करेगा।
4. खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से ओपन रोड रेस का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

आईसीसी क्रिकेट महिला विश्व कप 2025 की विजेता भारतीय महिला टीम के सदस्यों ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भेट की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने इतिहास रचा है और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय महिला टीम विभिन्न क्षेत्रों, सामाजिक पृष्ठभूमियों और परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करती है और टीम के रूप में पूरे भारत की विविधता की परिचायक है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह साढ़े नौ बजे नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्षभर चलने वाले समारोह का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक

स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सुबह नौ बजकर पचास मिनट पर देशभर में नागरिकों की भागीदारी के साथ 'वंदे मातरम' के पूर्ण संस्करण का सामूहिक गायन किया जाएगा। यह समारोह 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक चलेगा, जिसमें अटठराह सौ पचहत्तर में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए इस अमर गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। 'वंदे मातरम' ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देश में एकता, गर्व और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल किया था और आज भी यह देशभक्ति का अमर प्रतीक है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को नई दिल्ली में कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा तैयार सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण मॉड्यूल का शुभारंभ करेंगे और उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। दो दिवसीय सम्मेलन में कानूनी सेवा ढांचे के प्रमुख पहलुओं, जैसे कानूनी सहायता परामर्श प्रणाली, पैनल वकील, अर्ध–कानूनी स्वयंसेवक, स्थायी लोक अदालत और कानूनी सेवा संस्थानों के वित्तीय प्रबंधन पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

<><><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत स्टार्टअप एक्सेलेरेटर वेव–एक्स ने गोवा में 20 से 28 नवम्बर तक आयोजित छप्पनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी में स्टार्टअप्स को वेव्स बाजार में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। इस पहल का उद्देश्य एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी तथा मनोरंजन क्षेत्र के उभरते स्टार्टअप्स को वैश्विक उद्योग जगत के दिग्गजों, निवेशकों और प्रोडक्शन स्टूडियो से जुड़ने के लिए एक मंच

प्रदान करना है। मंत्रालय ने बताया कि वेव–एक्स बूथों के लिए बुकिंग शुरू कर दी गई है, जो इफ्फी में वेव्स बाजार में विशेष स्टार्टअप शोकेस ज़ोन है। इच्छुक स्टार्टअप wavex.wavesbazaar.com पर पंजीकरण करा सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि स्टॉल सीमित हैं और आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, पर्यावरण एवं वन विभाग और नेहरू युवा केन्द्र के सहयोग से माऊन्ट मणिपुर में द्वीप ट्रैकिंग महोत्सव का आयोजन करेगा। यह ट्रैकिंग इस महीने की पन्द्रह तारीख को सुबह सात बजे से आरंभ होगी। इसका उद्देश्य पर्यावरण–साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना और प्राकृतिक सुंदरता तथा ऐतिहासिक विरासत के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस ट्रैकिंग महोत्सव में स्थानीय युवा, टूर ऑपरेटर्स और पर्यटक भाग ले सकते है। इस दौरान पर्यावरण एवं वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र की जैवविविधता और पारिस्थितिक महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी देंगे। इच्छुक व्यक्ति चौदह नवम्बर तक पर्यटन विभाग में अपने नाम पंजीकृत करा सकते है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से 8 नवंबर को नेताजी स्टेडियम से ओपन रोड रेस का आयोजन किया जाएगा। पुरुषों के लिए 10 किलोमीटर और महिलाओं के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ सुबह 6 बजे शुरू होगी। दौड़ का मार्ग दोनों वर्गों के लिए अलग–अलग निर्धारित किया गया है। दौड़ नेताजी स्टेडियम से

शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस स्टेडियम पहुंचकर सम्पन्न होगी। इच्छुक प्रतिभागियों को निर्धारित तिथि पर सुबह पांच बजकर पचास मिनट पर पहुंचने को कहा गया है। प्रतियोगिता सभी के लिए खुली है।

<><><><><><><>

फिडे शतरंज विश्व कप 2025 उत्तर गोवा में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में लगभग अस्सी देशों के दो सौ छह शीर्ष शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तेईस वर्ष बाद भारत में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता छब्बीस नवम्बर तक चलेगी। शीर्ष तीन विजेताओं को अगले वर्ष के कैन्डिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का अवसर मिलेगा। द्वीपसमूह के बी. नीलैया, फिडे विश्व कप 2025 में सहायक निर्णायक के रूप में कार्यरत हैं।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय, ने ANIIDCO के सहयोग से हाल ही में "मिस्टर फिट बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता सीज़न–2" का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता टैगोर कॉलेज के सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर सहकारिता सचिव राजेश चोपड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक बनाते हैं और खेलों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में अनिडको के वरिष्ठ प्रबंधक गोपाल चंद्र दास सम्मानिय अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में, टी. वेंकट रमण को प्रथम स्थान, प्रमोद छिल्लर को द्वितीय और अब्दुल सलाम को तीसरा स्थान हासिल हुआ। विजेताओं को नकद राशि, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से पर्यावरण एवं वन विभाग और ग्राम पंचायत, शोल बे के सहयोग से, 8 नवंबर को सुबह 8 बजे से शोल बे में मैंग्रोव वॉक का आयोजन किया जाएगा। यह मैंग्रोव वॉक प्रतिभागियों को शोल बे में मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र की समृद्ध वनस्पतियों और जीवों का अन्वेषण करने का अवसर प्रदान करेगा। वन विभाग के विशेषज्ञ प्रतिभागियों को मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र और इसकी जैव विविधता के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। यह वॉक पचास प्रतिभागियों तक सीमित है। इस भ्रमण के लिए परिवहन विभाग की ओर से बस की विशेष व्यवस्था की गई है, जो सुबह 6 बजे मोहनपुरा बस टर्मिनस से प्रस्थान करेगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन ने विभिन्न विभागों में दो हजार पांच सौ सोलह रिक्त पदों को भरने के लिए ग्रुप 'सी' भर्ती परीक्षा आयोजित की थी। पुलिस पदों के लिए आयोजित परीक्षा के चयनित उम्मीदवारों की प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। अब, संबंधित विभागों से अनिच्छा या त्यागपत्र की सूचना मिलने पर प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव दिए जाएंगे।

<><><><><><><>